वाहन रैली को किया रवाना

नागौर । जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सर्किल से वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर पुरोहित ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए आमजन को जागरूक करें तथा आमजन में सिविक सेंस के भाव को स्वत: विकसित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के बारे में नई पीढ़ी को व्यवहारिक जानकारी दी जाए। सड़क पर वाहन चलाने के लिए जरूरी ट्रैफिक नियमों, आवश्यक एहतियात, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग आदि के बारे में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें। पुरोहित ने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पहला प्रयास सिविक सेंस का विकास करना है इसलिए जनमानस में सड़क सुरक्षा को लेकर सिविक सेंस का विकास करना हम सभी का उत्तदायित्व है। हमें नागौर को दुर्घटनामुक्त बनाने के संकल्प के साथ काम करना चाहिए। इस दौरान एएसपी सुमित कुमार ने सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत की जाने वाली गमिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार सड़क सुरक्षा माह की थीम 'परवाह' रखी गई है। उन्होंने आमजन से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने सहित आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा पहुंची सरवाड़, जायरीन की व्यवस्थाएं देखी

सरवाड़ (निसं)। अजमेर उर्स के चलते सरवाड़ आने जाने वाले जायरीनों की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने सरवाड़ मेला चौक का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये वहीं

■ **उर्स के दौरान मेला चौक व दरगाह परिसर में अतिरिक्त जवानों की तैनाती करने समेत संवेदनशील स्थलों पर पुलिस जवानों को तैनात करने के लिए निर्देश दिए**

जायरीनों की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने सरवाड़ मेला चौक का औचक निरीक्षण किया

उन्होंने उर्स के दौरान मेला चौक व दरगाह परिसर में अतिरिक्त जवानों की तैनाती करने समेत संवेदनशील स्थलों पर पुलिस जवानों को तैनात करने के लिए निर्देश दिए और आवश्यक स्थान पर बैरिकेडिंग लगाने के लिए कहा जिससे कि बड़े वाहनों का मेला चौक में प्रवेश ना हो इस दौरान एडीएम चन्द्र शेखर भंडारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोराजमल डीवाईएसपी हर्षित शर्मा व तहसीलदार बंटी राजपूत सरवाड़ थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद चौधरी साहित अन्य अधिकारियों ने मेला चौक व अन्य जगहों का औचक निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने कहा कि सरवाड़ ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती की मजार पर भी हजारों की तादाद में जायरीन पहुंचते हैं और दुआ मांगते हैं। उनकी व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अजमेर की तरह यहां भी काफी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं वहीं जायारिनों के लिए पेयजल व टेंट साफ सफाई व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

शिक्षा विभाग के कमर्चारियों के तबादले नहीं करने पर आक्रोश

शाहपुरा (निस) । जिला कलेक्टर को स्थानांतरण में शिक्षा विभाग की उपेक्षा को लेकर राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय जिला शाहपुरा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। राज्य सरकार ने प्रदेश में 1 जनवरी से 10 जनवरी के मध्य स्थानांतरण पर लगी रोक शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों के कार्मिकों के लिए हटायी है।प्रदेश में लोक सेवकों में सबसे अधिक संख्या शिक्षा विभाग के कार्मिकों की है।प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि स्थानांतरण में दी गई छूट में शिक्षा विभाग को भी शामिल किया जावे, इसमें प्रदेश प्रतिनिधि जयकांत पत्रिया, सभा अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा , जिला मंत्री संजीव कुमार शर्मा, जिला महिला मंत्री चंदा सुवालका, फुलिया कला अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा, कोटडी अध्यक्ष दुर्गा शंकर शर्मा, शाहपुरा मंत्री राकेश कुमार सोनी, जहाजपुर मंत्री कमल मीणा, सूर्य प्रकाश शर्मा, प्रिया सोनी, शांति धाबाई ,नयन बुला , सोनाली मालू ,जगदीश चंद्र शर्मा, रामस्वरूप धाकड़, मोहनलाल कोली, मनोज कुमार मीणा, बालकृष्ण मालू, पंकज सोनगरा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

पशुपालकों में चिंता की लकीरें बढ़ी

मसूदा । मसूदा पंचायत समिति के निकटवर्ती ठाम पंचायत देवमगरी में पशुओं में रहस्मयी रोग से हो रही मौत से पशुपालकों में चिंता की लकीरें बढ़ी । पशु पालकों ने बताया कि इस रोग के कारण प्रतिदिन पशुओं की मृत्यु दर बढ़ती जा रही है।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोपाल कृष्ण बंसल पुत्र छगन लाल राजस्व ग्राम थोक मालियान के खसरा नंबर 5848 में अवस्थित भूखण्ड का क्षेत्रफल 220 वर्ग गज की लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन प्रक्रियाधीन है। उक्त आवेदन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस आवेदित भूखण्ड के संबंध में आपति हो, तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति जोन कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा नियमानुसार लीजडीड की कार्यवाही कर दी जाएगी। (उपायुक्त दक्षिण) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2025/601 दिनांक-3-1-25

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण कर राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा न. 300 में स्थित भूखण्ड संख्या 1 का क्षेत्रफल 45.11 वर्गगज भूमि का आवासीय पट्टा हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अत: निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/ कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें ।

क्रसं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं.	क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्रीमति सुनीता जैन पत्नी श्री पवन कुमार निवासी-पावर हाउस के पास उटडा रोड मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर	मदनगंज खसरा न. 300	भूखण्ड क्षेत्रफल 45.11 वर्गगज	आवासीय

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./PWC/BPAS-2217/2025/01 **आम सूचना** दिनांक: 02/01/2025

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार सैनी पुत्र स्व. श्री किशनलाल सैनी राजस्व ग्राम किशनगढ़ के खसरा संख्या भूखण्ड सं. कुल क्षेत्रफल 320.33 वर्गगज एवं भोगपडत भूमि 55.55 वर्गगज कुल क्षेत्रफल 375.88 वर्गगज 'खिडकी चौक' पांच बती, नया शहर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में : दरवाजा व चौक व आम रास्ता — पश्चिम में : पांड्या जी का मंदिर

उत्तर मे : बाबूलाल जी राजपूत का मकान वर्तमान में लक्ष्मणसिंह राजपूत — दक्षिण में : मोहनलाल माली का मकान वर्तमान में बाबूलाल माली का मकान

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति/एतराज हो तो आपति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/716 दिनांक: 1-1-25

आपति सूचना

श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नि श्री हेमन्त शर्मा निवासी 346/15 श्याम कॉलोनी रेलवे कॉलोनी रामगंज अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 7/947= 22/155 = 30/515 का एक भाग है जो वाक़े उसरी गेट बाहर अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 55.76 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।

पूर्व - मुख्य मार्ग उसरी गेट — पश्चिम - सरदार जी की टाल

उत्तर - प्याउ सम्पति पुष्पा शर्मा की — दक्षिण - सम्पति पिंकू तिलोकानी की

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक/योजना/2024-25/432 दिनांक- 31/12/2024

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा वसीयत निष्पादित करने पर करने पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम की भगवानगंज EWS योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 39 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के मूल आवंटी श्री दौलत राम पुत्र श्री टीलूमल रामचन्दानी के नाम है। श्री दौलत राम जरिये वसीयत पत्र द्वारा श्रीमती सुनिता गोपलानी को वसीयत कि गयी है। श्री दौलत राम का स्वर्गवास दिनांक 12.05.2017 को हो चुका है। श्रीमती सुनिता गोपलानी पत्नी श्री मूल चन्द गोपलानी निवासी 39 भगवानगंज, अजमेर ने उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2023-24/105528 दिनांक 16.11.2024 को संयुक्त नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 कार्य दिवस के भीतर आपत्ति नगर निगम कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। उपायुक्त नगर निगम अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या बी- 236 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज के आवंटी/अन्तररिति श्रीमती जयश्री केवलरामानी पत्नि श्री शंकर केवलरामानी निवासी 435 पंचशील नगर, बी ग्रुप सतगुरू टावर के पास अजमेर की मृत्यु दिनांक 01/08/2010 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः श्री अंश पुत्र श्री शंकर केवलरामानी निवासी अजमेर सुश्री अनुशिका केवलरामानी पुत्री श्री शंकर केवलरामानी निवासी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री शंकर केवलरामानी पुत्र श्री होतचंद निवासी 435 पंचशील नगर, बी ग्रुप सतगुरू टावर के पास अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 18/12/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

महंत केशव दास महाराज पंचतत्व में विलीन

आसीन्द, (निसं)। आसींद नगर के नरसिंह द्वारा महंत केशव दास महाराज के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । नरसिंह द्वारा महंत केशव दास महाराज पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके सम्मान में कस्बे के व्यापारियों ने स्वैच्छिक रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। महंत जी की अंतिम यात्रा नरसिंह द्वारा से बैकुंठ के रूप में प्रारंभ होकर आसींद कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए भीम रोड स्थित मोक्ष धाम पर पहुंची अंतिम यात्रा में दूर दराज के संत महात्माओं ने आसींद पहुंचकर महाप्रयाण यात्रा में सम्मिलित हुए वही आसपास के क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुष सहित भक्त जनों ने महंत केशव दास महाराज के अंतिम दर्शन किए तथा भावभीनी विदाई दी त इस दौरान माहौल गमगीन रहा और लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय संत को विदाई दी। महापर्यन यात्रा के दौरान आसींद क्षेत्र के प्रबुद्ध जन

■ **कस्बे में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान को स्वैच्छिक रूप से रखा बंद**

सहित जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। महंत केशव दास महाराज अपने धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे त वे सदैव प्रकृति एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए ईश्वर की आराधना करते थे गुरु पूर्णिमा के महा अवसर पर नरसिंह द्वारा मंदिर परिसर में हजारों की तादाद में भीड़ अपने गुरुदेव के दर्शन करने के लिए पहुंचती थी महंत केशव महाराज के निधन की खबर से आसींद क्षेत्र सहित समूचे ठामीण अंचल में भी शोक की लहर व्याप्त हो गई। उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया था। उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

छतिग्रस्त सड़क सुधरवाने की गुहार

मसूदा (निसं)। खरवा से काशीपुरा की ओर जाने वाली सड़क बरसात में बरसात के कारण टूटकर बिल्कुल खराब हो गई। वर्तमान समय में सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि आपातकाल समय में एंबुलेंस भी नहीं आ सकती है लगभग 10 गांवों की जनता हो रही परेशान सड़क मार्ग की आवाजाही बिल्कुल बंद हो रखी है। गुरुवार को वार्ड पंच श सुरमा का नेतृत्व में काशीपुरा के ठामीणों द्वारा विधायक से लगाई गुहार लगते हुए सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करवाएं और साथ ही वार्ड पंच ने ठाम काशीपुरा में उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करने की मांग रखी। गांव में स्वास्थ्य सेवाएं 6 किलोमीटर दूर है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण रास्ता भी खराब है स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सबसे बड़ी समस्या अवगत करवाया जिस पर विधायक ने दोनों ही समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया।

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की रस्में लाइव दिखाई जाएंगी

अजमेर (कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की अजमेर स्थित दरगाह के 813 वें सालाना उर्स से सभी आध्यात्मिक रस्म ऐप और पोर्टल के माध्यम से लाइव दिखाई जाएगी। रजब माह की पहली तारीख से लेकर छठी तारीख तक ख्वाजा गरीब नवाज का सालाना उर्स मनाया जाएगा।

दरगाह में इस्लामिक परंपराओं के अनुरूप ख्वाजा के उर्स की रस्में शुरू हो गई। 813 साल के इतिहास में संभवत: यह पहला मौका है, जब वेब पोर्टल और ऐप के माध्यम से दरगाह की रस्मों को लाइव दिखाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस वेब पोर्टल और ऐप की लांचिंग 4 जनवरी को केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के मंत्री किरण रिजिजू अजमेर में करेंगे।

■ **ऐप और पोर्टल का 4 जनवरी को केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू करेंगे लांचिंग**

अजमेर की दरगाह के वेब पोर्टल और ऐप का जिम्मा केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली दरगाह कमेटी का होगा। चूंकि दरगाह कमेटी अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधीन काम करती है, इसलिए केंद्रीय मंत्री रिजिजू के अजमेर आने को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रिजिजू न केवल वेब पोर्टल और ऐप की लॉन्चिंग करेंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उर्स में भेजी गई चादर को ख्वाजा साहब की मजार पर सूफी परंपरा के अनुरूप पेश करेंगे।

देश के प्रधानमंत्री की ओर से प्रतिवर्ष उर्स में चादर भेजने की परंपरा है, जिसे मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गत 11 वर्षों से निभा रहे हैं। रिजिजू को वेबपोर्टल और ऐप लॉन्च करेंगे उसके माध्यम से ख्वाजा साहब के जीवन और उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं की जानकारी भी ली जा सकेगी। दरगाह कमेटी ने दरगाह से जुड़े मुस्लिम विद्वानों से जानकारी एकत्रित कर वेब पोर्टल को तैयार किया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ख्वाजा साहब की दरगाह में खादिम समुदाय और दरगाह के दीवान की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छह दिवसीय उर्स के दौरान होने वाली धार्मिक महफिल की सदारत दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन ही करते हैं।

बैठक आयोजित

अजमेर । शास्त्री नगर विस्तार में स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंधन समिति कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उपखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर नमित मेहता गुरुवार को जिले के शाहपुरा और बनेड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान जिला कलक्टर ने पूर्व जिला शाहपुरा के कलेक्ट्रेट कार्यालय और बनेड़ा में उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ओपी मेहरा भी मौजूद रहे। विभिन्न अनुभागों का का निरीक्षण कर रिकॉर्ड संधारण और स्थानांतरण को लेकर दिए निर्देश – जिला कलक्टर मेहता ने पूर्व जिला शाहपुरा के कलेक्ट्रेट कार्यालय के निरीक्षण के दौरान न्याय अनुभाग, राजस्व, लेखा, एलआर सेक्शन, सहायता, संस्थापन, सामान्य, डीआरए सेक्शन, सतर्कता, आवक-जावक, निर्वाचन कक्ष का निरीक्षण कर अनुभाग प्रभारियों तथा कर्मचारियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी अनुभाग प्रभारियों को पत्रावलियों के उचित एवं व्यवस्थित संधारण और रिकॉर्ड के भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट में स्थानांतरण के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए। मेहता ने इसके पश्चात बनेड़ा में उपखण्ड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और उपखंड अधिकारी बनेड़ा को आमजन की समस्याओं, राजस्व मामलों सहित लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर नियमित सुनवाई करते हुए शीघ्र निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कार्यालय से संबंधित विभिन्न लंबित कार्यों के निस्तारण के बारे में विस्तृत चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई, विभिन्न दस्तावेजों की जांच, रख-रखाव की व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित संधारण के संबध में भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों को पूरी तरह अपडेट रखने के साथ ही लंबित वाद और जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी पर विशेष जोर दिया। साथ ही, उन्होंने राजस्व न्यायालय में दायर वाद के निर्णय किए जाने तथा राजस्व लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के भी निर्देश दिए।

बकाया कनेक्शन काटने की कार्यवाही

ब्यावर (निसं) जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग द्वारा राजस्व वसूली के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत बिल जमा न करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।

लगातार हो रही कार्यवाही के बीच विभाग द्वारा 02 जनवरी को कॉलेज रोड और अन्य कई क्षेत्रो में बकाया बिल जमा न करवाने पर कनेक्शन काट दिए गए है।विभाग द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अवैध कनेक्शन पर लगातार गेती चलाई जा रही है। निरीक्षण करने गए कनिष्ठ अभियंता निशांत नवल व निधि दाधीच एवं सहायक अभियंता नरपता ज्याणी तथा अन्य विभागीय कर्मचारियों ने लोगों से अपील की है कि अपने बिल शीघ्र जमा कराए।

माखन चोरी का प्रसंग सुनाया

अजमेर । वैशालीनगर, वनविहार मांगीलाल साहू का जय कुआं स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक वृंदावन के रामकृष्ण महाराज ने राम जन्म, राम विवाह तथा कृष्ण जन्म, बाल लीला की कथा सुनाई। प्रवक्ता आभा गांधी ने बताया कि कल शुक्रवार को रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई जाएगी।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांक: 1265 दिनांक: 2-12-2024

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3-घ-15, वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 322.200 व.मी मूल आवंटी श्री मुरली तोलानी पुत्र श्री प्रभु तोलानी को आवंटित कर दिनांक 14.02.1994 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री मुरली तोलानी पुत्र श्री प्रभु तोलानी द्वारा जरिये इकरारनामा मुख्तयारनामा एवं वसीयतनामा के आवास का बैचान श्रीमती कमल ठाकुर पत्नि श्री वासदेव व श्रीमती रचना पत्नि श्री मुकेश ठाकुर को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती कमल व श्रीमती रचना ठाकुर के पक्ष में दिनांक 14.021995 को नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती कमल व श्रीमती रचना ने दिनांक 14.02.1995 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती कमल पत्नि श्री वासदेव ठाकुर की की मृत्यु दिनांक 05.11.2003 को हो चुकी है। श्रीमती कमल पत्नि श्री वासदेव ठाकुर द्वारा अपने जीवनकाल में वसीयतनामा निष्पादित किया गया। जिसमें उनके द्वारा आवास संख्या 3-घ-15 में स्वयं के आधा हिस्से का वसीयतनामा अपने पति श्री वासदेव ठाकुर एवं पुत्र श्री मुकेश ठाकुर के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री वासदेव ठाकुर की मृत्यु दिनांक 25.11.2013 को हो चुकी है। उनके पुत्र श्री मुकेश ठाकुर द्वारा वसीयत नामा के आधार पर उक्त आवास में अपने आधे हिस्से की गिफ्ट डीड (उपहार पत्र) स्वयं की पत्नि श्रीमती रचना ठाकुर के पक्ष में दिनांक 01.07.2024 को निष्पादित की गई जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2251 में पृष्ठ संख्या 37 क्रम संख्या 202403001105701 पर पंजीवद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5996 के पृष्ठ संख्या 526 से 535 पर दिनांक 01.07.2024 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती रचना ठाकुर पत्नि श्री मुकेश ठाकुर ने उक्त आवास से संबंधित उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती रचना ठाकुर पत्नि श्री मुकेश ठाकुर का नाम मण्डल रिकार्ड मेंप्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. 6496698P रैंक-NK नाम-PATELIYA DAHYA BHAI RAMJI BHAI है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम JAYA दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम PATEL JAYABEN DAHYABHAI से जाना जाये।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी दादीजी माली पत्नी श्री खंगार सिंह पुत्री राजू सिंह/धापू निवासी ग्राम गोहाना, वार्ड संख्या 03, ब्यावर का निधन 15/10 /2005 को हमारे पैतृक गाँव निवास स्थान गोहाना वार्ड संख्या 03 में हो गया था। जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बावत इंद्राज/पंजीकरण अभी तक नहीं करवाया गया था। अतः अब मैंने मेरी दादीजी के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय ब्यावर में आवेदन किया है। अतः इस बाबत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर मय आवश्यक दस्तावेज के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के बाद हुई किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार अथवा मान्य नहीं होगी।

द्वारा- सीताराम पुत्र श्री हरिसिंह निवासी गोहाना, ब्यावर। मो- 9672031350

आम सूचना

मेरी मां श्रीमती चंद्रा देवी पत्नी मोहनदास जाति सिंधी निवासी भाट मोहल्ला, सिंधी कॉलोनी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 13 मई 1982 को गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-जयप्रकाश पुत्र मोहनदास सिंधी

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/114085 DATE:-26-12-2024 टी बेचान नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10146 दिनांक: 01-01-2025

सार्वजनिक सूचना

श्री प्रेमचन्द मंगलानी पुत्र श्री मुरलीधर जी मंगलानी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 7 श्रद्धानन्द बाजार 3 लोहरान मौहल्ला मार्ग मकान नं. 18 दुकान नं. 04 क्षेत्रफल 24.06 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री कैलाशचन्द पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द जी जैन के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 02.12.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

भागवत कथा में उमड़ा सैलाब

मदनगंज-किशनगढ । हेड़ा परिवार की ओर से महेश विहार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा व नानी बाई रो मायरो में दूसरे दिवस आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोकप्रिय कथा वाचक राधाचरण महाराज जोधपुर ने कहा है कि भगवान की लीलाएं अपरंपार है, श्रीमद भागवत कथा जिसका सुंदर वर्णन है जो अनंत है, हरि कथा अनंता। भागवत कथा का श्रवण करने से सबका कल्याण हो जाता है, भागवत कथा सुनने से जीवो का कल्याण होता है। महाराज ने कहा कथा श्रवण करते समय आत्मीयता भाव से अपना ध्यान कथा श्रवण में ही लगाना चाहिए। कथा में बताया गया है की माताओं को किस प्रकार गृहस्थ जीवन का पालन करना चाहिए, नारद ने व्यास जी को चतुर्शलोकी भागवत प्रदान की, वेदव्यास महाराज ने 18 हजार श्लोकों में भागवत की रचना कर दी। विदुर विदुरानी के प्रसंग को बताते हुए कहा कि वस्तु के अधीन नहीं है, वे भक्ति भाव के अधीन है, जिन्होंने विदुरानी के हाथों से केले के छिलके पाए, महाभारत का प्रसंग बताते हुए कहा कि परीक्षित महाराज की गर्भ में भगवान ने रक्षा की और परीक्षित के जन्म का वर्णन किया। संत कुंभनदास, माधवदास, धनाभगत आदि भक्तों के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान भक्तों के सदा अधीन हैं, जब-जब भगवान ने इस धरती पर अवतार लिया है तब भक्तों के साथ मिलकर लीलाये की। प्रवक्ता सुरेश सारदा ने बताया की कथा आयोजक कैलाशचंद्र हेड़ा, सहसकरण हेड़ा, गुरुचरण, विष्णुचरण, गोपाल चंद्र, अनिल, महेश, प्रदीप, शरद, सुशील, अंशुल पियूष, मनीष सहित हेड़ा परिवारजनों ने आरती उतारी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कथा का श्रवण किया। राधाचरण महाराज ने केंद्रीय मंत्री चौधरी को उपरना व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान बसंतीलाल सोमानी, कमलकिशोर चितलांग्या, बजरंगलाल काबरा, सक्षम काबरा, यश झंवर, श्रेष्ठ बाहेंती, शिवचरण डोडिया, गोपाल मालपानी, हरि मालपानी, ओमप्रकाश लखोटिया, मनोज सोमानी, सर्वेश्वर तोषनीवाल, रामस्वरूप डालिया, मानक दरक, सत्यनारायण सोमानी, बिरदीचंद मंत्री, अभिषेक राठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

■ **हेड़ा परिवार की ओर से महेश विहार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा व नानी बाई रो मायरो में दूसरे दिवस आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा**

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/114082 DATE:-26-12-2024 टी बेचान नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10148 दिनांक: 01-01-2025

सार्वजनिक सूचना

श्री कपुरचन्द गादिया पुत्र श्री उतम चन्द गादिया निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 8 ब्यावर क्लब मार्ग लेबर कॉलोनी (जेन कॉलोनी) मकान नं. 11/85 क्षेत्रफल 196.33 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती कमला देवी पत्नी माणकचन्द जी के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 02.03.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राज.)

क्रमांक: आर.ओ. (ओ.आर)/1858 दिनांक : 01.01.2025

मोबाईल टॉवर आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, अजमेर सीमा में निम्न स्थान पर मैसर्स इण्डस टॉवर लि. द्वारा वायरलेस पोल एन्टीना (मोबाईल टॉवर) लगाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन मय पत्रावली प्रस्तुत की गई है । कम्पनी द्वारा उक्त स्थान पर अपना इन्टरनेट टॉवर (मोबाईल टॉवर) स्थापित करना चाहती है, जो निम्नानुसार है-

क्र सं.	एप्लीकेशन आई.डी	साईट नम्बर	टॉवर लगाने का स्थान	भूखण्ड/भू-स्वामी का नाम	टॉवर का प्रकार
1.	NNAJM/ 2024-25/ TIF1/158	IN 3301723	IN ROW सरस डेयरी के पास, रीट अजमेर Lat.26.476764 Long.74.642999	नगर निगम अजमेर	GBM

यदि उक्त मोबाईल टॉवर लगाये जाने से किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

उपायुक्त - नगर निगम अजमेर

अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तों **(1) कदम पत्नी स्व. घीसा राम पता इफ्को चौक गुरुग्राम एचआर और गांव टाटोटी, थाना भिनाई जिलाः अजमेर, राजस्थान (2) रबी पुत्र प्रह्लाद पता गांव सियार बडला, थाना सरवाड जिलाः अजमेर, राजस्थान ने एफआईआर सं. 80045380 /2024 धारा 380/454/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) कदम (2) रबी** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) कदम (2) रबी** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 80045380/2024 धारा 380/454/ 411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली के उक्त **(1) कदम (2) रबी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.02.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निधि सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी
कोर्ट संख्या 212, साकेत साउथ जिला
नई दिल्ली

DP/16966/SW/2024

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (शाहपुरा)

EMail Id- mhjahazpur@gmail.com — Phone No 01485-294101

क्रमांक- नपाज/भूमि/2024-25/2855 — दि. 02.01.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा स्वयं खातेदार की खसरा भूमि को भू-राजस्व अधिनियम 1950 की धारा 90क के अधीन गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए अनुज्ञा/संपरिवर्तित भूमि के आवंटन के लिए नगर पालिका जहाजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। उक्त बात किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो हो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद नियाद प्राप्त आपति मान्य नहीं होगी तथा नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	स्थान व प्रस्तावित कॉलोनी नाम	आराजी खसरा संख्या	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1.	श्री विष्णु कुमार पुत्र श्री राधाकिशन सोनी, निवासी जहाजपुर तह जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा।	जहाजपुर बाईपास रोड़ पर कस्बा जहाजपुर जिला भीलवाडा	आराजी खसरा नं. 2755	0.0971 है.	गैर-कृषिक प्रयोजन वाणिज्यिक (पेट्रोल पम्प हेतु)
			आराजी खसरा नं. 2756	0.1538 है.	
			कुल किता 2	0.2509 है.	

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मण्डल जहाजपुर

राजस्थान सरकार

कार्यालय कनिष्ठ विशेषज्ञ प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडता सिटी जिला नागौर

क्रमांक/लेखा/2024-25/4 — दिनांकः- 1-5-2025

खुली निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्थान पर निम्न सामग्री आपूर्ति करने हेतू गोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है, इच्छुक निविदा दाता/फर्म अपनी निविदा भरकर दिनांक 9.01.2025 दोपहर 1 बजे तक दे सकता है। निर्धारित दिनांक के बाद निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र. सं.	नाम सामग्री	अनु. राशि (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म बेचने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक
1	कैमरा विथ फिटिंग कार्य	3.50	7000	2.01.25 से 08.01.25	09.01.2025 से दोपहर 2 बजे
2	युपीएस 5 के.वी. लुगिनस विथ फिटिग	1.70	3400	2.01.25 से 08.01.25	09.01.2025 से दोपहर 2 बजे
3	साउण्ड सिस्टिम	.50	1000	2.01.25 से 08.01.25	09.01.2025 से दोपहर 2 बजे
4	कम्प्युटर बैल ऑल इन वन	1.50	3000	2.01.25 से 08.01.25	09.01.2025 से दोपहर 2 बजे
5	एलईडी 55 ईन्च	.75	1500	2.01.25 से 08.01.25	09.01.2025 से दोपहर 2 बजे
6	नैटवर्किंग कार्य	.50	1000	2.01.25 से 08.01.25	09.01.2025 से दोपहर 2 बजे

Spp portal bid num. MHS2425A3123

निविदा की शर्तें फॉर्म के साथ संलग्न है निविदा फार्म निर्धारित फीस 200 रु देकर कार्यालय से दिनांक 08.01,2025 को दोपहर 2 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

शर्ते-

1 निविदा फार्म कार्यालय से प्राप्त करना होगा, डाक व तार से प्रेषित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2 निविदा प्रपत्र क्रय करते समय आयकर का पैन कार्ड नं. की सत्यापित कॉपी प्रस्तुत करनी होगी।

3 किसी निविदा बिना किसी कारण के पूर्ण रूप से या आशिंक रुप से निरस्त एव संशोधन करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता रहेगा।

4 शेष शर्ते फार्म के साथ संलग्न है।

– कनिष्ठ विशेषज्ञ प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडता सिटी जिला नागौर